# अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी, उत्तर प्रदेश
## Atal Bihari Vajpayee Medical University, Uttar Pradesh

# सूचना बुलेटिन

### पैरा–मेडिकल स्नातक पाठ्यक्रम के लिए

# संयुक्त पैरामेडिकल प्रवेश परीक्षा (सीपीईटी)–2025

## शैक्षणिक सत्र : 2025–26

### एबीवीएमयू से सम्बद्ध समस्त सरकारी/प्राइवेट नर्सिंग महाविद्यालयों एवं एसजीपीजीआईएमएस लखनऊ, केजीएमयू लखनऊ व यूपीयूएमएस सैफई के लिए

1. बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस
2. बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री
3. बीएससी इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी
4. बीएससी इन मेडिकल रेडियोलॉजी एण्ड इमेजिंग टेक्नोलॉजी
5. बैचलर इन आडियोलॉजी एण्ड स्पीच लैंग्वेज पैथोलॉजी
6. बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी
7. बैचलर ऑफ ऑक्यूपेशनल थेरेपी
8. बैचलर ऑफ मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी
9. बीएससी रीनल डायलिसिस टेक्नोलॉजी
10. बीएससी रेडियो–डायग्नोसिस एण्ड इमेजिंग टेक्नोलॉजी
11. बीएससी रेडियोथेरेपी टेक्नोलॉजी
12. बीएससी लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी
13. बीएससी परफ्यूजन टेक्नोलॉजी
14. बैचलर ऑफ साइंस, एमएलटी (ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन टेक्नोलॉजी)
15. बीएससी ऑपरेशन थियेटर एण्ड एनेस्थीसिया टेक्नोलॉजी
16. बैचलर ऑफ साइंस, मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी
17. बैचलर ऑफ साइंस इन रेडियोलॉजिकल इमेजिंग टेक्निक्स
18. बीएससी इन रेडियोथेरेपी

| | |
|---|---|
| • आवेदन–फॉर्म की उपलब्धता (ऑनलाइन) | : 18 अप्रैल 2025 (शुक्रवार) |
| • आवेदन की अन्तिम तिथि | : 24 मई 2025 (शनिवार) रात 11:59 बजे तक |
| • फॉर्म संशोधन विण्डो* | : 17 मई 2025 से 24 मई 2025 रात 11:59 बजे तक |
| • प्रवेश–पत्र की ऑनलाइन उपलब्धता ** | : 12 जून 2025 (बृहस्पतिवार) |
| • प्रवेश परीक्षा | : 18 जून 2025 (बुधवार) |
| • प्रवेश परीक्षा का स्थान | : प्रवेश–पत्र पर अंकित होगा |
| • परीक्षा परिणाम की तिथि | : वेबसाइट पर प्रदर्शित की जायेगी |

*फॉर्म में संशोधन की अनुमति केवल सीमित प्रविष्टियों के लिए होगी

**प्रवेश–पत्र की संभावित तिथि

विज्ञापन संख्या– 03/प्रवेश–परीक्षा/एबीवीएमयू/2025

**Website** - www.abvmuup.edu.in

**Email** - cpetabvmu2025@gmail.com

**Helpline Contact No:** 9889383779, 9889383797 (10:00 AM-6:00 PM)

# अनुक्रमणिका


| क्र0सं0 | विषय सूची | पृष्ठ |
|---|---|---|
| 1. | सामान्य सूचना | 4 |
| 2. | महत्त्वपूर्ण सूचना<br>• परीक्षा शुल्क<br>• पात्रता मापदण्ड<br>    • आयु<br>    • न्यूनतम शैक्षिक योग्यता<br>• आरक्षण नीति | 5–6 |
| 3. | ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरने के लिए अभ्यर्थियों को निर्देश | 7 |
| 4. | ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरने के चरण : फ्लो चार्ट | 8 |
| 5. | आवेदन फॉर्म भरने के चरण<br>• चरण 1 : अभ्यर्थी पंजीकरण<br>• चरण 2 : लॉगिन एवं आवेदन फॉर्म भरना<br>    • प्रक्रम 1 : व्यक्तिगत विवरण<br>    • प्रक्रम 2 : पता<br>    • प्रक्रम 3 : शैक्षिक योग्यताएँ एवं केन्द्र शहर की प्राथमिकताएँ<br>    • प्रक्रम 4 : फोटो, हस्ताक्षर और सत्यापन शीट<br>    • प्रक्रम 5 : बैंक एवं खाता विवरण और आवेदन फॉर्म का पूर्वावलोकन<br>    • प्रक्रम 6 : लाइव फोटो अपलोड करना<br>• चरण 3 : शुल्क भुगतान<br>• चरण 4 : अन्तिम फॉर्म सबमिशन | 9–13 |
| 6. | प्रवेश पत्र | 14 |
| 7. | परीक्षा<br>• तिथि<br>• समय<br>• परीक्षा केन्द्र<br>• परीक्षा का प्रारूप<br>• प्रश्नों की संख्या<br>• अंक<br>• परीक्षा का माध्यम<br>• पाठ्यक्रम<br>• न्यूनतम अर्हता अंक<br>• परीक्षा केन्द्र पर पालन किए जाने वाले निर्देश<br>• प्रतिबंधित वस्तुएं<br>• परीक्षा के अनुचित साधन<br>• अनुचित साधनों के प्रयोग करने पर दण्ड<br>• परीक्षा परिणाम का रद्द होना | 15–17 |
| 8. | परीक्षा परिणाम<br>• परीक्षा के परिणाम की घोषणा<br>• मेरिट–सूची<br>• समान अंक प्राप्त करने में मेरिट का निर्धारण<br>• काउन्सलिंग प्रक्रिया<br>• प्रवेश | 18 |

# सामान्य सूचना

अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी, उ0प्र0, लखनऊ **(एबीवीएमयू)** द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए पैरामेडिकल स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए संयुक्त पैरामेडिकल प्रवेश परीक्षा (सीपीईटी)–2025 का आयोजन निम्नलिखित के लिए किया जा रहा है :

a) **एबीवीएमयू से सम्बद्ध समस्त सरकारी/प्राइवेट नर्सिंग महाविद्यालयों के लिए**

b) **एसजीपीजीआईएमएस, लखनऊ**

c) **केजीएमयू, लखनऊ**

d) **यूपीयूएमएस, सैफई**

1. पैरामेडिकल स्नातक पाठ्यक्रम में उपरोक्त संस्थाओं/विश्वविद्यालयों में सभी प्रवेश शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए संयुक्त पैरामेडिकल प्रवेश परीक्षा (सीपीईटी)–2025 के माध्यम किये जायेंगे। उपरोक्त के अतिरिक्त सीधी भर्ती नहीं ली जायेगी।
2. संयुक्त पैरामेडिकल प्रवेश परीक्षा (सीपीईटी)–2025 के लिए केन्द्र निम्नलिखित शहरों में होंगे* :

| | | |
|---|---|---|
| 1. आगरा | 2. अलीगढ़ | 3. अयोध्या |
| 4. आजमगढ़ | 5. बरेली | 6. बस्ती |
| 7. बाँदा | 8. गाजियाबाद | 9. गोण्डा |
| 10. गोरखपुर | 11. झाँसी | 12. कानपुर |
| 13. लखनऊ | 14. मेरठ | 15. मिर्जापुर |
| 16. मुरादाबाद | 17. प्रयागराज | 18. सहारनपुर |
| 19. वाराणसी | 20. गौतम बुद्ध नगर | |

***** प्रशासनिक कारणों से यह शहर बदल भी सकते हैं।

1. प्रवेश परीक्षा ऑफलाइन प्रक्रिया में आयोजित की जाएगी और द्विभाषी (अंग्रेजी और हिंदी) होगी।
2. **आवेदन फॉर्म केवल ऑनलाइन माध्यम द्वारा भरे जायेंगे।**
3. **आवेदन फॉर्म डाक अथवा अन्य किसी माध्यम द्वारा स्वीकार नहीं किये जायेंगे।**
4. शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए पैरामेडिकल स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु संयुक्त पैरामेडिकल प्रवेश परीक्षा (सीपीईटी)–2025 के लिए आवेदन फॉर्म **18 अप्रैल, 2025 (शुक्रवार)** से विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.abvmuup.edu.in पर उपलब्ध होंगे।
5. केवल पूर्ण रूप से भरा आवेदन फॉर्म ही स्वीकार किया जायेगा।

# महत्त्वपूर्ण सूचना

## परीक्षा शुल्क

1. **अनारक्षित/अन्य पिछड़ा वर्ग (यूआर/ओबीसी) के अभ्यर्थियों लिए प्रवेश परीक्षा शुल्क रु0 3000/– और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (एससी/एसटी)/पीडब्लूडी के अभ्यर्थियों लिए प्रवेश परीक्षा शुल्क रु0 2000/– निर्धारित है।**
2. अभ्यर्थी के फॉर्म भरने के साथ परीक्षा शुल्क ऑनलाइन जमा होगा।
3. परीक्षा शुल्क जमा होने के पश्चात् वापस नहीं किया जायेगा और किसी भी अन्य परीक्षा के लिए शुल्क हस्तांतरणीय नहीं है।

## पात्रता मापदण्ड

- **आयु :–** प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु 31 दिसम्बर, 2025 को या उसके पूर्व न्यूनतम 17 वर्ष होनी चाहिए। एसजीपीजीआईएमएस, लखनऊ में बीएससी पैरामेडिकल पाठ्यक्रम के लिए अधिकतम आयु सीमा 31 दिसंबर 2025 तक 30 वर्ष होनी चाहिए। अन्य संस्थानों के लिए कोई अधिकतम आयु सीमा नहीं है।
- **न्यूनतम शैक्षिक योग्यता :–**
  1. **ऐसे अभ्यर्थी जिन्होने 12वीं कक्षा की परीक्षा में विज्ञान विषयों भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीवविज्ञान विषय में उत्तीर्ण की हो वे सभी स्नातक पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों के लिए पात्र होंगे**, बशर्ते कि उन्होंने किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान (पीसीबी) में न्यूनतम **45 प्रतिशत** अंक प्राप्त किए हों और अभ्यर्थी को अंग्रेजी विषय में उत्तीर्ण होना चाहिए।
  2. **अभ्यर्थी ने किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा की परीक्षा में विज्ञान विषयों भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित के साथ उत्तीर्ण की हो** तथा भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित (पीसीएम) में न्यूनतम **45 प्रतिशत** अंक होने चाहिए और अभ्यर्थी को अंग्रेजी विषय में उत्तीर्ण होना चाहिए, **ऐसे अभ्यर्थी केवल निम्नलिखित स्नातक पैरामेडिकल पाठ्यक्रम के लिए पात्र हैं–**
     a. बैचलर ऑफ ऑप्टोमेट्री
     b. बैचलर इन ऑडियोलॉजी एण्ड स्पीच लैंग्वेज पैथोलॉजी
  3. अभ्यर्थी ने किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा की परीक्षा **में विज्ञान विषयों भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, कम्प्यूटर विज्ञान/सांख्यिकी/इलेक्ट्रॉनिक्स/मनोविज्ञान के साथ उत्तीर्ण की हो** तथा भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान और कम्प्यूटर विज्ञान/सांख्यिकी/इलेक्ट्रॉनिक्स/मनोविज्ञान में न्यूनतम **45 प्रतिशत** अंक होने चाहिए और अभ्यर्थी को अंग्रेजी विषय में उत्तीर्ण होना चाहिए, **ऐसे अभ्यर्थी केवल निम्नलिखित स्नातक पैरामेडिकल पाठ्यक्रम के लिए पात्र हैं–**
     a. बैचलर इन ऑडियोलॉजी एण्ड स्पीच लैंग्वेज पैथोलॉजी
  4. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के संबंध में 3 मुख्य विषयों में न्यूनतम प्राप्तांक **40 प्रतिशत** जबकि सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए **45 प्रतिशत** होने चाहिए।
  5. राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त राज्य ओपन स्कूल अथवा केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओपन स्कूल (एनआईओएस) के द्वारा विज्ञान विषयों तथा अंग्रेजी में उत्तीर्ण अभ्यर्थी भी पात्र होंगे।
  6. पैरामेडिकल कोर्स में प्रवेश के लिए 10+2 में अंग्रेजी एक अनिवार्य विषय होना चाहिए।
  7. कलर ब्लाइंड अभ्यर्थी पात्र हैं, बशर्ते कि ऐसे अभ्यर्थियों ने कलर सुधारात्मक कॉन्टैक्ट लेंस अथवा चश्मा पहना हो।
  8. अभ्यर्थियों का चयन मेडिकल फिटनेस के अधीन होगा। किसी भी चयनित अभ्यर्थी को पाठ्यक्रम में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी, जब तक कि उसे सरकारी मेडिकल कालेज या जिला चिकित्साधिकारी द्वारा गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा चिकित्सकीय रूप से फिट घोषित न किया जाए।

## आरक्षण नीति :–

1. राज्य सरकार के अनुसार आरक्षण नीति के तहत राज्य सरकार द्वारा निर्धारित सीटों के आधार पर आरक्षण दिया जाएगा।
2. आरक्षण नीति में किसी प्रकार का परिवर्तन होने पर उत्तर प्रदेश राज्य सरकार के निर्देशों का पालन किया जाएगा।
3. विकलांगता के लिए आरक्षण (पीडब्लूडी): **निचले अंग में 40 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक लोको–मोटर विकलांगता** वाले अभ्यर्थियों के लिए 5 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण पर विचार किया जायेगा और योग्यता के सम्बंध में अन्य पात्रता मानदंड अनारक्षित (यूआर) श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए निर्धारित मानदण्डों के समान होंगे (भारत का राजपत्र संख्या–275 दिनाँक 05 जुलाई, 2021)।

**नोट :– प्रवेश लेने वाले पीडब्ल्यूडी अभ्यर्थियों को निचले अंग की 40 से 50 प्रतिशत तक लोको–मोटर विकलांगता के सत्यापन के लिए सरकारी मेडिकल कालेजों/संस्थानों द्वारा गठित एक मेडिकल परीक्षा बोर्ड व नर्सिंग विशेषज्ञ के साथ जॉच करानी होगी।**

4. केवल उत्तर प्रदेश सरकार के सक्षम प्राधिकारी (तहसीलदार/एसडीएम) द्वारा जारी जाति प्रमाण–पत्र ही स्वीकार्य होंगे। **इन प्रमाण–पत्रों को अधिकारिक सरकारी पोर्टल/वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन सत्यापित किया जाएगा।**
5. उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा समय–समय पर दिये गये निर्देशों के अनुसार प्रवेश में 10 प्रतिशत का ईडब्ल्यूएस आरक्षण दिया जाएगा। इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार के सक्षम प्राधिकारी (तहसीलदार/एसडीएम) द्वारा जारी वैध प्रमाण–पत्र मान्य होगा। **इन प्रमाण–पत्रों को अधिकारिक सरकारी पोर्टल/वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन सत्यापित किया जाएगा।**
6. 01 अप्रैल, 2025 या उसके बाद जारी वैध ओबीसी प्रमाण–पत्र मान्य होगा।
7. 01 अप्रैल, 2025 या उसके बाद जारी वैध ईडब्ल्यूएस प्रमाण–पत्र मान्य होगा।
8. जिला मजिस्ट्रेट से जारी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित का प्रमाण–पत्र मान्य होगा।
9. सक्षम प्राधिकारी से जारी वैध भूतपूर्व सैनिक प्रमाण–पत्र मान्य होगा।
10. एनसीसी के लिए निर्धारित प्रारूप पर अधिकृत बटालियन द्वारा निर्गत वैध एनसीसी **"सी" प्रमाण–पत्र ग्रेड–बी** के साथ मान्य होगा। एनसीसी 'A' एवं 'B' Certificate मान्य नहीं होगा।

**नोट :–**

- **सरकारी कॉलेजों में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी को उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है। (अभ्यर्थी के पास सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत उत्तर प्रदेश का अधिवास प्रमाण पत्र होना चाहिए या अभ्यर्थी ने 10वीं और 12वीं (10+2) दोनों बोर्ड परीक्षायें उत्तर प्रदेश से उत्तीर्ण की हो)।**
- **अल्पसंख्यक और अन्य किसी भी श्रेणी के शैक्षणिक संस्थानों के लिए आरक्षण उत्तर प्रदेश के मानदण्डों/निर्देशों के अनुसार होगा।**
- **केवल भारतीय नागरिक ही प्रवेश हेतु पात्र होंगे।**

# ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरने के लिए अभ्यर्थियों को निर्देश

- अभ्यर्थी फॉर्म भरने के पूर्व ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरने के निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।
- आवेदन फॉर्म केवल ऑनलाइन मोड के माध्यम से वेबसाइट www.abvmuup.edu.in के माध्यम से जमा किया जाएगा।
- कोई भी आवेदन फॉर्म डाक या किसी अन्य माध्यम से प्राप्त नहीं किया जाएगा।
- अभ्यर्थियों को आवेदन फॉर्म पर सही जानकारी देनी होगी। यदि कोई जानकारी कभी भी गलत पाई गई तो अभ्यर्थन/प्रवेश रद्द कर दिया जायेगा।
- एबीवीएमयू से सम्बद्ध समस्त सरकारी/प्राइवेट पैरामेडिकल महाविद्यालयों एवं एसजीपीजीआईएमएस लखनऊ, केजीएमयू लखनऊ व यूपीयूएमएस सैफई में पैरामेडिकल स्नातक पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश केवल सीपीईटी 2025 के माध्यम से होंगे।
- यदि किसी अभ्यर्थी ने अभ्यास या किसी अन्य कारण से परीक्षा में उपस्थित होने के उद्देश्य से गलत जानकारी प्रदान की है, तो अभ्यर्थी को भविष्य में प्रवेश परीक्षा से वंचित कर दिया जायेगा।
- **अभ्यर्थी को केवल व्यक्तिगत ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर से ही पंजीकरण करना चाहिए, क्योंकि सभी जानकारी/संचार पंजीकृत ईमेल पते और मोबाइल पर भेजे जाएंगे। सुरक्षा उद्देश्यों के लिए उन्हें अपना पंजीकरण नंबर किसी अन्य व्यक्ति के साथ साझा नहीं करना चाहिए।**
- **पंजीकृत क्रेडेंशियल (ई–मेल/मोबाइल) और पंजीकरण आईडी का उपयोग सभी तरह के संचार में** किया जाएगा। इसकी आवश्यकता एडमिट कार्ड, परीक्षा परिणाम, काउंसलिंग विवरण, आवंटन पत्र, प्रवेश आदि प्राप्त करने में भी होगी।
- अभ्यर्थी को पंजीकरण व्यक्तिगत ईमेल आईडी और मोबाइल नम्बर से करना चाहिए। सुरक्षा कारणों से पंजीकरण संख्या किसी अन्य व्यक्ति के साथ साझा नहीं की जानी चाहिए।
- अभ्यर्थी को अपनी पंजीकरण आईडी तथा लॉगिन पासवार्ड नोट करना चाहिए।
- अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन फॉर्म में दी गई किसी भी गलत जानकारी के लिए विश्वविद्यालय उत्तरदायी नहीं होगा।
- आवेदन फॉर्म भरते समय अभ्यर्थी अत्यंत सावधानी बरतें। अभ्यर्थी को यह जाँचना और सुनिश्चित करना चाहिए कि उसके द्वारा फार्म में दी गयी सभी जानकारी और विवरण सही है।
- आवेदन फॉर्म को अंतिम रूप से जमा करने के बाद उसमें कोई परिवर्तन संभव नहीं होगा।
- अधूरे आवेदन बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त कर दिए जायेंगे।
- आवेदन भरने से पहले सत्यापन प्रोफार्मा डाउनलोड करें। डाउनलोड की गई पीडीएफ का ए4 साइज के पेपर में प्रिंटआउट लें और उसे नीले बॉलपॉइंट पेन से अपनी लिखावट में भरें।
- परीक्षा शुल्क जमा होने के पश्चात् वापस नहीं किया जायेगा और न ही भविष्य की किसी परीक्षा के लिए हस्तान्तरित किया जायेगा।
- एक बार जमा किए गये आवेदन वापस नहीं लिए जा सकेंगे। **अभ्यर्थियों को ध्यान देना चाहिए कि बैंक खाते से शुल्क की कटौती मात्र** शुल्क भुगतान का प्रमाण नहीं है। इसकी पुष्टि भुगतान रसीद के माध्यम से होनी चाहिए।
- आपका आवेदन फॉर्म अन्तिम रूप से जमा होने के बाद स्क्रीन पर **"your application form has been successfully submitted"** संदेश दिखाई देगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आपके आवेदन फॉर्म के अंतिम रूप से जमा होने की पुष्टि के लिए आपको यह संदेश प्राप्त हो। जब तक अभ्यर्थी यह संदेश नहीं देख लेता उसे अपना आवेदन फॉर्म अन्तिम रूप से जमा नहीं मानना चाहिए।
- **फॉर्म संशोधन विण्डो** के दौरान अभ्यर्थी अपने भरे हुए फॉर्म में लिंग, जन्म तिथि, पिता का नाम, माता का नाम, शैक्षिक योग्यता में संशोधन कर सकते हैं।

# ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरने के चरण : फ्लो चार्ट

पंजीकरण

↓

लॉगिन एवं आवेदन फॉर्म भरना

↓

व्यक्तिगत विवरण

↓

पता

↓

शैक्षिक योग्यताएँ एवं केन्द्र शहर की प्राथमिकताएँ

↓

फोटो, हस्ताक्षर और सत्यापन शीट

↓

बैंक एवं खाता विवरण और आवेदन फॉर्म का पूर्वावलोकन

↓

लाइव फोटो अपलोड करना

↓

शुल्क भुगतान

↓

अन्तिम फॉर्म सबमिशन

# आवेदन फॉर्म भरने के चरण

## चरण 1 : अभ्यर्थी पंजीकरण

1.1 अभ्यर्थियों को अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाइट **www.abvmuup.edu.in** पर जाना होगा तथा **Common Paramedical Entrance Test (CPET) 2025** के लिंक पर क्लिक करना होगा।

1.2 अभ्यर्थियों को सबसे पहले **Paramedical Bachelor के लिए** ***"Register"*** बटन पर क्लिक करके पंजीकरण करना होगा।

1.3 पंजीकरण की प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थियों को निम्नलिखित जानकारी देनी होगी :

a) प्रथम नाम (कक्षा 10 के प्रमाण–पत्र/अंक–पत्र के अनुसार)
b) मध्य नाम
c) अंतिम नाम
d) पिता का नाम (कक्षा 10 के प्रमाण–पत्र/अंक–पत्र के अनुसार)
e) माता का नाम (कक्षा 10 के प्रमाण–पत्र/अंक–पत्र के अनुसार)
f) जन्म तिथि (कक्षा 10 के प्रमाण–पत्र/अंक–पत्र के अनुसार)
g) लिंग
h) ई–मेल (भविष्य में जानकारी एवं सूचना हेतु वैध ई–मेल)
i) मोबाइल नम्बर एवं वैकल्पिक मोबाइल नम्बर (पंजीकरण संख्या व पासवर्ड की एसएमएस आधारित जानकारी के लिए वैध व सक्रिय नम्बर)
j) व्हाट्सएप नंबर
k) श्रेणी
l) उप–श्रेणी

1.4 अभ्यर्थी को पंजीकरण की भरी हुई जानकारी का पूर्वावलोकन करना चाहिए और पंजीकरण सूचना के अन्तिम प्रस्तुतीकरण से पहले उसकी पुष्टि करना चाहिए।

1.5 **जानकारी की पुष्टि करने के बाद, अभ्यर्थी को उनके पंजीकृत ई–मेल और मोबाइल नं0 पर दो अलग–अलग, सत्यापन ओटीपी प्राप्त होंगे। अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित करना होगा कि सही**

1.6 **मोबाइल ओटीपी और ई–मेल ओटीपी सबमिट किया गया है। अभ्यर्थी द्वारा सफल पंजीकरण के लिए यह एक अनिवार्य चरण है।**

1.7 **एक मोबाइल नंबर और ईमेल सत्यापित होने के बाद, इसका उपयोग केवल एक पंजीकरण के लिए किया जा सकता है।**

1.8 पंजीकरण के सफलतापूर्वक होने पर अभ्यर्थी को उनके पंजीकृत मोबाइल नम्बर एवं ई–मेल पर विशेष पंजीकरण आई.डी. संख्या और वन टाइम लॉगिन–पासवर्ड प्राप्त करेंगे।

1.9 इस चरण में अभ्यर्थियों द्वारा दिया गया व्यक्तिगत विवरण (चरण–1) आवेदन फॉर्म में स्वतः भर जायेगा।

1.10 **पंजीकरण के दौरान प्रस्तुत की गई प्राथमिक जानकारी को बाद में किसी भी चरण में बदला या परिवर्तित नहीं किया जा सकता है। फार्म संशोधन विंडो के समय सीमित क्षेत्र में संपादन की अनुमति होगी।**

## महत्त्वपूर्ण निर्देश :

- आवेदन–पत्र में अभ्यर्थी का विवरण जैसे नाम, जन्म तिथि, लिंग, माता–पिता का नाम दसवीं कक्षा के प्रमाण–पत्र के अनुसार होना चाहिए। पंजीकरण आई.डी. नम्बर अभ्यर्थी के लिए विशिष्ट पहचान है। इसे सुरक्षित रूप से रखा जाना चाहिए तथा दूसरों के साथ साझा नहीं किया जाना चाहिए।
- यदि कोई अभ्यर्थी अपना पंजीकरण आई.डी. नम्बर भूल जाता है तो उसे अधिकारिक वेबसाइट पर **"Forgot Registration Id Number"** पर क्लिक कर अपने पंजीकृत मोबाइल नम्बर पर एस.एम.एस./ई–मेल के माध्यम से विशिष्ट पंजीकरण आई.डी. नम्बर पुनः प्राप्त कर सकता है।

## चरण 2 : लॉगिन एवं फॉर्म भरना

2.1 अभ्यर्थी के सफलतापूर्वक पंजीकृत होने के पश्चात् अभ्यर्थी को एप्लीकेशन पोर्टल पर आवेदन भरने के लिए **Paramedical Bachelor** के लिए ***"Login"*** बटन पर क्लिक करना होगा।

2.2 **प्रथम लॉगिन** के लिए, अभ्यर्थी को अपना विशिष्ट पंजीकरण आईडी नंबर और वन–टाइम लॉगिन पासवर्ड सबमिट करना होगा, जो पंजीकरण के समय ईमेल/मोबाइल नंबर पर भेजा गया था।

2.3 अभ्यर्थी को सफलतापूर्वक प्रथम लॉगिन के बाद डिफॉल्ट पासवर्ड को परिवर्तित करना अनिवार्य है। बिना डिफॉल्ट पासवर्ड को परिवर्तित किये अभ्यर्थी आवेदन फॉर्म भरने और शुल्क भुगतान की प्रक्रिया में आगे नहीं बढ़ पायेगा।

2.4 यदि कोई अभ्यर्थी अपना पासवर्ड भूल जाता है तो वह **"Forgot Password"** पर क्लिक करने के पश्चात अपने पंजीकृत मोबाइल नं0/ई–मेल पर ओटीपी प्राप्त करके दोबारा पासवर्ड रिसेट कर सकता है।

2.5 आवेदन फॉर्म भरने के लिए अभ्यर्थी को ***"Fill Form"*** बटन पर क्लिक करना होगा।

2.6 अभ्यर्थी को हर चरण में ***"Save & Next"*** बटन पर क्लिक कर आवेदन फॉर्म विवरण को आवेदन के प्रत्येक चरण में सुरक्षित करना चाहिए जिससे कि अभ्यर्थी अन्तिम प्रस्तुतीकरण से पहले किसी भी समय इन विवरणों की समीक्षा, अद्यतन या सम्पादन कर सके।

2.7 **आवेदन फॉर्म–प्रक्रम 1 : व्यक्तिगत विवरण**

आवेदन फॉर्म के पहले चरण में अभ्यर्थी को व्यक्तिगत विवरण भरना होगा। आवेदन फॉर्म के इस चरण का अधिकांश विवरण **पंजीकरण चरण के दौरान अभ्यर्थी द्वारा भरे गए पंजीकरण डेटा का उपयोग करके पहले से भरा हुआ होता है।**

2.8 **आवेदन फॉर्म–प्रक्रम 2 : पता**

I. इस चरण में अभ्यर्थी को आवासीय विवरण, शहर, राज्य एवं पिन कोड सहित भरना होगा।

II. यदि अभ्यर्थी के पास पत्राचार का अलग पता है तो वह उसे अपडेट कर सकता है, अन्यथा आवासीय एवं पत्राचार पते को एक समान रखने का विकल्प चुन सकता है।

2.9 **आवेदन फॉर्म–प्रक्रम 3 : शैक्षिक योग्यताएं एवं केन्द्र शहर प्राथमिकताएँ**

I. इस चरण में, अभ्यर्थी को प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए पात्रता मानक के अनुसार अपनी शैक्षिक योग्यता का विवरण प्रस्तुत करना होगा। इन विवरणों में 10वीं और 12वीं में प्राप्तांक, पूर्णांक, बोर्ड/स्कूल/कॉलेज का नाम आदि शामिल होंगे, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं होंगे।

II. यदि अभ्यर्थी का अंतिम परीक्षा परिणाम घोषित नहीं हुआ है तो उसके पास उस विशेष कक्षा के लिए ***"Appearing"*** का चयन करने का विकल्प होगा। कृपया ध्यान दें कि प्रवेश हेतु पात्र होने के लिए अभ्यर्थी को सीपीईटी 2025 के परिणाम घोषित होने से पहले इस कक्षा के प्राप्तांक का अद्यतन करना होगा। इस कार्य के लिए अभ्यर्थियों को सीपीईटी 2025 के प्रवेश परीक्षा सम्पन्न होने के तुरन्त बाद अद्यतन का मौका दिया जायेगा और वे सीपीईटी 2025 पोर्टल पर लॉगिन कर अपने प्राप्तांक भर पाएंगे।


III. अभ्यर्थी को प्रवेश परीक्षा हेतु निर्धारित शहरों में से अपनी प्राथमिकता बतानी होगी, जिसके लिए उसे वरीयता क्रम में कुल 03 विकल्प चुनने होंगे। प्रशासनिक कारणों से प्रवेश परीक्षा शहर में परिवर्तन किया जा सकता है।

## 2.10 आवेदन फॉर्म–प्रक्रम 4 : फोटो, हस्ताक्षर और सत्यापन शीट

इस चरण में अभ्यर्थियों को अपनी फोटो, हस्ताक्षर और सत्यापन फॉर्म की स्कैन कॉपी अपलोड करना होगा।


### नवीनतम फोटोग्राफ अपलोड करने के लिए दिशा निर्देश :

- फोटोग्राफ में साफ पृष्ठभूमि में सामने से पूरा चेहरा बिना चश्में के होना चाहिए।
- दोनों कान दिखायी देने चाहिए।
- अभ्यर्थी का नाम एवं फोटो लेने की तिथि (DD/MM/YY) को नीचे दिये गये सैम्पल की तरह दर्शाया जाना चाहिए।
- फोटो का प्रारूप (.jpg) 50–200 KB के आकार का होना चाहिए।
- फोटो का आकार पासपोर्ट साइज 4.5 x 3.5 से0मी0 का होना चाहिए।
- अभ्यर्थी को किसी भी प्रकार का चश्मा नहीं पहनना चाहिए।
- अभ्यर्थी को सिर पर किसी भी प्रकार की हैट/कैप नहीं पहननी चाहिए।




### हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए दिशा निर्देश :

- हस्ताक्षर काले बाल प्वाइंट पेन से सीधी लिखावट में होनी चाहिए।
- हस्ताक्षर सफेद बिना लाइन के कागज पर होना चाहिए।
- हस्ताक्षर का प्रारूप (.jpg) में होना चाहिए तथा आकार 50–200 KB के बीच होना चाहिए।
- कैपिटल लेटर में किया गया हस्ताक्षर स्वीकार्य नहीं है।
- अपलोड करने के लिए हस्ताक्षर को स्कैन या फोटोग्राफ किया जाना चाहिए।
- हस्ताक्षर में ओवर राइटिंग नहीं होना चाहिए।




### सत्यापन फॉर्म अपलोड करने के लिए दिशा निर्देश :

सत्यापन फॉर्म का प्रारूप सीपीईटी 2025 एप्लीकेंट डैशबोर्ड से या प्रक्रम–4 की शुरुआत में डाउनलोड किया जा सकता है। यह सुझाव दिया जाता है कि ऑनलाइन आवेदन जमा करने से पूर्व ही सत्यापन शीट पूर्ण रूप से भरी हो।

**नोटः–** यदि किसी भी चरण पर यह पाया जाता है कि हस्ताक्षर /फोटोग्राफ जाली है, तो मामले को "अनुचित साधन प्रयोग" माना जायेगा और तदनुसार कार्यवाई की जायेगी।

## 2.11 आवेदन फॉर्म–प्रक्रम 5 : बैंक एवं खाता विवरण और आवेदन फॉर्म का पूर्वावलोकन

I. आवश्यकता पड़ने पर धन वापसी अभ्यर्थी द्वारा प्रदान किये गये खाता विवरण का उपयोग करके की जाएगी। विफलता की स्थिति में, भुगतान के स्रोत का उपयोग धन वापसी के लिए किया जाएगा।

II. धन वापसी की प्रक्रिया के लिए अभ्यर्थियों को बैंक खाते का विवरण देना होगा।

III. अभ्यर्थी को पासबुक की एक प्रति या रद्द किये गये चेक की एक प्रति भी अपलोड करनी होगी।

IV. बैंक विवरण सबमिट करने और बैंक पासबुक की एक प्रति या रद्द किये गये चेक की एक प्रति अपलोड करने के बाद अभ्यर्थी ***"Form Preview"*** अनुभाग में जायेंगे।

V. अभ्यर्थी अब लाइव फोटो अपलोडिंग मॉड्यूल पर पुनः निर्देशित होने के लिए "**Upload Live Photo**" पर क्लिक करेंगे।

## 2.12 आवेदन फॉर्म–प्रक्रम 6 : लाइव फोटो अपलोड करना

I. पोर्टल में कम्प्यूटर/लैपटॉप या मोबाइल फोन के कैमरे पर वेबकैम का उपयोग करके अभ्यर्थियों की लाइव तस्वीर खींचने का प्रावधान होगा। अभ्यर्थियों को अपनी तस्वीर लेते समय उचित सावधानी बरतनी चाहिए। विशेष रूप से निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान में रखना चाहिए:

a) रोशनी अच्छी तथा साफ पृष्ठभूमि में होनी चाहिए।

b) फोटो लेने से पहले सुनिश्चित करें कि कैमरा ऑखों के स्तर पर है।

c) अपने आप को सीधे वेबकैम के सामने रखें और सीधे सामने देखें।

d) अभ्यर्थियों को फोटो लेते समय टोपी, मास्क या चश्मा नहीं पहनना चाहिए।

e) अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि लाइव फोटो में उपस्थिति पहले क्लिक की गई पासपोर्ट आकार की तस्वीर के समान होना चाहिए।

II. लाइव फोटो कैप्चर मॉड्यूल स्वचालित रूप से लाइव फोटोग्राफ को आटो कैप्चर करने के लिए चेहरे की गतिविधि का पता लगाता है। चेहरे की गति के निर्देश आवेदन फॉर्म पर उपलब्ध हैं।

III. लाइव फोटो खींचने के लिए उपरोक्त दिशा–निर्देशों का पालन करने में विफल रहने पर अभ्यर्थन रद्द हो सकती है।

IV. एक बार लाइव फोटोग्राफ संतोषजनक तरीके से खींचने के बाद अभ्यर्थी को **"Upload Live Photograph"** बटन पर क्लिक करना होगा।

V. ऑनलाइन आवेदन फॉर्म के अंतिम चरण में अभ्यर्थी यह प्रख्यापित करेंगे कि भरा गया विवरण पूर्णतः सत्य व सही है। घोषणा पर सहमति के लिए दिए गए डेक्लरैशन बॉक्स पर [✓] का चिह्न लगाने के पश्चात् अभ्यर्थी को "***Save & Pay Fee***" बटन पर क्लिक करना होगा।

## चरण 3 : शुल्क भुगतान

3.1 अभ्यर्थी को **सीपीईटी 2025** का सफलतापूर्वक आवेदन भर लेने के पश्चात् निर्धारित आवेदन शुल्क का भुगतान करने के लिए ***"Pay Fee for Paramedical Bachelor"*** बटन पर क्लिक करना होगा।

3.2 ***"Pay Fee for Paramedical Bachelor"*** बटन पर क्लिक करने पर अभ्यर्थी को ऑनलाइन भुगतान गेटवे पर ले जायेगा जहाँ वे डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग या यू0पी0आई0 के माध्यम से आवेदन शुल्क जमा कर पाएंगे।

a) **भुगतान विफल होने की स्थिति में अभ्यर्थी दोबारा भुगतान कर सकता है। अभ्यर्थी को अंतिम भुगतान के असफल प्रयास का संदेश प्राप्त होने के बाद ही नये भुगतान का प्रयास करना चाहिए या**
**किसी भी दशा में यदि कोई संदेश प्राप्त नहीं हुआ है तो अभ्यर्थी को आगे कोई भी भुगतान करने से पहले 30 मिनट तक इंतजार करना चाहिए।**

b) **महत्वपूर्ण : शुल्क जमा करते समय एक से अधिक बार भुगतान करने की स्थिति में, रिफंड उस स्रोत पर किया जाएगा जहां से मूल रूप से भुगतान किया गया था।**

c) आवेदन फॉर्म भरने के लिए नवीनतम सफल भुगतान को ही मान्य किया जाएगा तथा अभ्यर्थी का यदि कोई पुराना भुगतान शेष है तो पुराना भुगतान उसी स्रोत के बैंक खाते पर उसे वापस कर दिया जायेगा।

d) अभ्यर्थी द्वारा सफलतापूर्वक भुगतान करने के पश्चात् भुगतान की रसीद पोर्टल पर अभ्यर्थी लॉगिन से प्राप्त होगी।

## चरण 4 : अन्तिम फॉर्म सबमिशन

4.1 पोर्टल के माध्यम से भुगतान की सफल पुष्टि के बाद, आवेदन फॉर्म स्वचालित रूप से जमा हो जाएगा और पोर्टल पर एक पुष्टिकरण संदेश दिखाया जाएगा।

4.2 आपका आवेदन फॉर्म अन्तिम रूप से जमा होने के बाद स्क्रीन पर **"your application form has been successfully submitted"** संदेश दिखाई देगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आपके आवेदन फॉर्म के अंतिम रूप से जमा होने की पुष्टि के लिए आपको यह संदेश प्राप्त हो। जब तक अभ्यर्थी यह संदेश नहीं देख लेता उसे अपना आवेदन फॉर्म अन्तिम रूप से जमा नहीं मानना चाहिए।

4.3 आवेदन फॉर्म सफलतापूर्वक जमा करने के पश्चात् अभ्यर्थी को उसके पंजीकृत ई–मेल पर एक पुष्टिकरण ई–मेल भेजा जायेगा।

4.4 अभ्यर्थी आवेदन शुल्क सफलतापूर्वक जमा करने के बाद **प्रिंट** बटन पर क्लिक करके अंतिम रूप से जमा किये गये आवेदन फॉर्म को डाउनलोड कर सकता है।

# प्रवेश पत्र

- प्रवेश पत्र ऑनलाइन उपलब्ध होंगे और अभ्यर्थी अपने पंजीकृत आई.डी. नम्बर तथा लॉगिन पासवर्ड का उपयोग करके अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी, यूपी की अधिकारिक वेबसाइट www.abvmuup.edu.in से डाउनलोड कर सकते है।
- अभ्यर्थी को उसके प्रवेश–पत्र में उल्लिखित तिथि और समय पर आवंटित परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा के लिए उपस्थित होना होगा।
- अभ्यर्थी को प्रवेश–पत्र का रंगीन प्रिंट आउट लेना आवश्यक है।
- अभ्यर्थी को प्रवेश–पत्र डाक से नहीं भेजा जाएगा।
- किसी भी स्थिति में **सीपीईटी 2025** के लिए डुप्लीकेट प्रवेश–पत्र परीक्षा केन्द्रों पर जारी नहीं किया जायेगा।
- अभ्यर्थी को प्रवेश–पत्र नष्ट नहीं करना चाहिए या उसमें किसी भी प्रविष्टि को बदलना नहीं चाहिए।
- अभ्यर्थी को निर्देशित किया जाता है कि अपने प्रवेश–पत्र भविष्य के संदर्भ के लिए सुरक्षित रखें।
- प्रवेश–पत्र निर्गत होने का तात्पर्य यह नहीं है कि पात्रता स्वीकार कर ली गयी है, जिसकी जाँच प्रवेश प्रक्रिया के बाद के चरणों में की जायेगी।
- सत्यापन हेतु परीक्षा केन्द्र पर अभ्यर्थी के प्रवेश पत्र के साथ उसकी फोटो/वीडियोग्राफी की जायेगी।
- परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश–पत्र का डिजिटल प्रारूप स्वीकार नहीं किया जायेगा।
- **प्रवेश परीक्षा के लिए निर्देश अगले अनुभाग में दिए गए हैं। परीक्षा केंद्र पर इन निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाना अनिवार्य है।**

# परीक्षा

**तिथि** : 18–06–2025 (बुधवार)

**समय** : प्रातः 11:00 से अपराह्न 01:20 बजे तक (140 मिनट)

**परीक्षा केन्द्र** : जैसा प्रवेश पत्र में वर्णित है।

**परीक्षा का प्रारूप** : **एम0सी0क्यू0 दोनों भाषाओं में (अंग्रेजी व हिन्दी)** – वस्तुनिष्ठ/बहुविकल्पीय उत्तर वाले प्रश्नों का उत्तर ऑप्टिकल मार्क रीडर सीट (ओ.एम.आर. सीट) पर केन्द्र में प्रदान किए गये काले बाल प्वाइंट पेन का प्रयोग करके दिया जायेगा।

**प्रश्नों की संख्या** : **120**

**अंक** : प्रत्येक सही उत्तर पर **01 अंक प्रदान** किया जायेगा। गलत या एक से अधिक उत्तर पर **कोई नकारात्मक अंकन नही है**।

**परीक्षा का माध्यम** : **अंग्रेजी और हिन्दी**

**पाठ्यक्रम** : इंटरमीडिएट मानक (कक्षा 12) तक।

- 120 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे।
- प्रश्न पत्र चार खण्डों क्रमशः ए, बी, सी और डी में होगा। प्रत्येक खण्ड 30 अंक के होंगे।
- खण्ड–ए के प्रश्नों के उत्तर आवेदक द्वारा अपने आवेदन फॉर्म में भरे गए विषय के अनुरूप होंगे।

**खण्ड–ए** : जीव विज्ञान (25%)/गणित (25%)/कम्प्यूटर विज्ञान (25%)/इलेक्ट्रॉनिक्स (25%)/सांख्यिकी (25%)/मनोविज्ञान (25%)

**खण्ड–बी** : रसायन विज्ञान (25%)

**खण्ड–सी** : भौतिक विज्ञान (25%)

**खण्ड–डी** : अंग्रेजी और सामान्य ज्ञान (25%)

**न्यूनतम अर्हता अंक** : बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा का न्यूनतम अर्हता मानदण्ड इस प्रकार है :

| | |
|---|---|
| सामान्य – | 50 प्रतिशतक ($50^{th}$ percentile) |
| सामान्य–पी.डब्ल्यू.डी. – | 45 प्रतिशतक ($45^{th}$ percentile) |
| एस.सी/एस.टी/ओ.बी.सी. – | 40 प्रतिशतक ($40^{th}$ percentile) |
| एस.सी/एस.टी/ओ.बी.सी.–पी.डब्ल्यू.डी. – | 40 प्रतिशतक ($40^{th}$ percentile) |

## परीक्षा केन्द्र पर पालन किए जाने वाले निर्देश

- **रिपोर्टिंग समयः प्रातः 09:00 बजे** (परीक्षा प्रारम्भ होने से 02 घण्टे पूर्व)
- **परीक्षा केन्द्र के प्रवेश द्वार पर अभ्यर्थी की अनिवार्य रूप से बायोमैट्रिक सत्यापन किया जायेगा। यदि अभ्यर्थी बायोमैट्रिक सत्यापन में असफल होता है तो उसे परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी।**
- **किसी भी अभ्यर्थी को प्रातः 10:15 बजे के बाद परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी।**
- किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा समाप्त होने से पूर्व परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं दी जायेगी।
- **अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित करना होगा कि उसने परीक्षा कक्ष छोड़ने से पूर्व ओएमआर की मूल प्रति, कार्यालय प्रति एवं प्रश्न पुस्तिका कक्ष निरीक्षक को सौंप दी है। ऐसा न करने पर यह अनुचित साधन का प्रयोग माना जायेगा।**

**प्रतिबंधित वस्तुऍं :** परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने से पूर्व सभी परीक्षार्थियों की सघन व व्यापक तलाशी ली जायेगी। परीक्षार्थियों को किसी भी स्थिति में परीक्षा केन्द्र के भीतर निम्नलिखित सामग्री ले जाने की अनुमति नहीं है :–

a) कोई भी वस्तु जैसे पाठ्य–सामग्री (मुद्रित या लिखित), कागज, ज्योमेट्री/ पेंसिल बाक्स, प्लास्टिक पाउच, कैलकुलेटर, पेन, स्केल, राइटिंग पैड, पेन ड्राइव, रबड़, लॉग टेबल, इलेक्ट्रॉनिक पेन/स्कैनर, इत्यादि।

b) कोई भी संचार उपकरण जैसे मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, ईयरफोन, माइक्रोफोन, पेजर, हेल्थ बैंड, स्मार्ट वाच, इत्यादि।

c) अन्य वस्तुएं जैसे पर्स, चश्मा, बेल्ट, हैण्डबैग, टोपी इत्यादि।

d) किसी प्रकार की घड़ी, कंगन, कैमरा इत्यादि।

e) किसी प्रकार का कोई आभूषण/धातु की वस्तुएं।

f) किसी प्रकार का खुला या बन्द खाद्य पदार्थ, पानी की बोतल आदि।

g) कोई अन्य वस्तु जिसका प्रयोग संचार उपकरणों को छुपाकर अनुचित साधनों के प्रयोग के लिए किया जा सकता है, जैसे–माइक्रोचिप, कैमरा, ब्लूटूथ उपकरण आदि।

**यह सूची लंबी है, परन्तु संपूर्ण नहीं है। परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश पत्र एवं मान्य पहचान पत्र के अलावा कोई भी दूसरी वस्तु ले जाने की अनुमति नहीं है। परीक्षार्थियों से सम्बन्धित किसी भी वस्तु/वस्तुओं को रखने के लिए केन्द्र पर कोई व्यवस्था नहीं की जायेगी।**

**परीक्षा के अनुचित साधन :** अनुचित साधन का प्रयोग एक ऐसी गतिविधि है, जो एक परीक्षार्थी को दूसरे परीक्षार्थी की तुलना में अनुचित लाभ प्रदान करती है। इसमें निम्नलिखित सम्मिलित हैं, किन्तु यह सूची संपूर्ण नहीं है।

a. किसी भी ऐसी वस्तु या लेख को अपने पास रखना जो निषिद्ध है या जिसका अनुचित व्यवहार के लिए उपयोग किया जा सकता है, जिसमें कोई स्टेशनरी आइटम, संचार उपकरण, खाद्य पदार्थ, आभूषण या सम्बंधित पेपर में परीक्षा के लिए प्रासंगिक या अप्रासंगिक कोई अन्य सामग्री या जानकारी शामिल है।

b. परीक्षा देने के लिए किसी अन्य का उपयोग करना या नकल के लिए सामग्री तैयार करना।

c. परीक्षा नियमों या सीपीईटी 2025 परीक्षा के संचालन सम्बंधी एबीवीएमयू द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों का उल्लंघन करना।

d. अन्य अभ्यर्थियों को कदाचार में शामिल होने में सहायता करना, किसी भी प्रकार का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष सहायता देना अथवा प्राप्त करना या ऐसा करने का प्रयास करना।

e. उत्तर के लिए प्रदान की गयी उत्तर पुस्तिका के अतिरिक्त किसी अन्य सामग्री पर प्रश्न या उत्तर लिखना।

f. उत्तर पुस्तिका/प्रश्न पुस्तिका का कोई भी पृष्ठ फाड़ना।

g. परीक्षा केन्द्र में परीक्षा के दौरान परीक्षा स्टॉफ के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति से सम्पर्क या संवाद करना अथवा ऐसा करने का प्रयास करना।

h. उत्तर पुस्तिका (ओ.एम.आर. की मूल प्रति/ओ.एम.आर. की कार्यालय प्रति) को परीक्षा कक्ष से बाहर ले जाना।

i. प्रश्न पुस्तिका या उसके भाग का बाहर जाना।

j. परीक्षा संचालन से जुड़े किसी भी व्यक्ति या किसी भी अभ्यर्थी को धमकाना।

k. परीक्षा के सम्बंध में किसी अन्य अवांछनीय तरीके या साधन का उपयोग करना या उपयोग करने का प्रयास करना।

l. ऑनलाइन दस्तावेजों जैसे–एडमिट कार्ड, रैंक लेटर, स्व–घोषणा आदि में हेर–फेर आदि।

m. परीक्षा केन्द्र/कक्ष में बलपूर्वक प्रवेश निकास।

n. परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के पश्चात् किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग करना या करने का प्रयास करना। आवेदन–पत्र/प्रवेश–पत्र/प्रोफॉर्मा पर गलत या बदली हुई तस्वीरें चिपकाना/अपलोड करना/ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर मुद्रित किसी भी जानकारी को मिटाना या मिटाने का प्रयास करना। ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर गलत जानकारी देना या रोल नम्बर/टेस्ट बुकलेट नम्बर/अभ्यर्थी का नाम/माता–पिता का नाम/स्वयं के हस्ताक्षर को ओवरराइट करना।

o. परीक्षा परिणाम घोषित होने से पहले या बाद में जाँच के लिए वेबसाइट पर अपलोड की गयी ओ.एम.आर. शीट के उत्तरों में हेर–फेर करके फर्जी दावे करना।

p. परीक्षा के सुचारु एवं निष्पक्ष संचालन में बाधा उत्पन्न करना।

q. विश्वविद्यालय द्वारा अनुचित साधनों के रूप में घोषित कोई अन्य कदाचार।

**अनुचित साधनों के प्रयोग करने पर दण्ड :** परीक्षा के दौरान, उसके पूर्व/पश्चात् यदि कोई परीक्षार्थी उपरोक्त में से किसी भी गतिविधि में लिप्त होता है तो उसे **अनुचित साधन** का प्रयोग करने वाला/वाली माना जायेगा तथा उसके विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। परीक्षार्थी को भविष्य में आगामी 3 वर्षों के लिए परीक्षा देने से प्रतिबंधित कर दिया जायेगा। उसके विरुद्ध आपराधिक कार्यवाही/अन्य कार्यवाही जो उचित समझा जाए, की जायेगी। उसका परीक्षा परिणाम रद्द कर घोषित नहीं किया जायेगा।

## परीक्षा परिणाम का रद्द होना :

a) सीपीईटी 2025 में सम्मिलित परीक्षार्थी जो अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए पाए जायेंगे उनका परिणाम रद्द कर घोषित नहीं किया जायेगा।

b) इसी प्रकार उन अभ्यर्थियों का परीक्षा परिणाम जो अपने आवंटित केन्द्रों के अतिरिक्त किसी अन्य केन्द्र पर परीक्षा देते हैं, अन्य अभ्यर्थियों की टेस्ट बुकलेट/ओ.एम.आर. सीट पर लिखते हैं या अन्य अभ्यर्थियों को अपनी टेस्ट बुकलेट/ओ.एम.आर. सीट पर लिखने देते हैं, रद्द कर घोषित नहीं किया जायेगा।

# परीक्षा परिणाम

a) प्रवेश परीक्षा के परिणाम की घोषणा की तिथि **अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी, उ0प्र0, लखनऊ** की अधिकारिक वेबसाइट (**www.abvmuup.edu.in**) पर घोषित की जायेगी।

b) प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जायेगी। एक संयुक्त मेरिट सूची और श्रेणीवार मेरिट–सूची भी तैयार की जायेगी।

c) **समान अंक प्राप्त करने में मेरिट का निर्धारण :**

सीएनईटी 2025 में यदि दो या दो से अधिक परीक्षार्थी समान अंक प्राप्त करते हैं तो उस स्थिति में मेरिट का निर्धारण निम्न प्रकार से होगा :

1. परीक्षार्थी जिसने प्रवेश–परीक्षा में जीव विज्ञान (वनस्पति विज्ञान और जन्तु विज्ञान)/गणित/कम्प्यूटर विज्ञान/सांख्यिकी/इलेक्ट्रॉनिक्स/मनोविज्ञान में ज्यादा प्राप्त अंक प्राप्त किये हैं।
2. इसके पश्चात् ऐसे परीक्षार्थी जिसने प्रवेश–परीक्षा में रसायन विज्ञान में ज्यादा अंक प्राप्त किये हैं।
3. इसके पश्चात् ऐसे परीक्षार्थी जिसने प्रवेश–परीक्षा में भौतिक विज्ञान में ज्यादा अंक प्राप्त किये हैं।
4. इसके पश्चात् ऐसे परीक्षार्थी जिसने प्रवेश–परीक्षा में अंग्रेजी और सामान्य ज्ञान में ज्यादा अंक प्राप्त किये हैं।
5. अधिक आयु।
6. हाई स्कूल (10वीं) परीक्षा में प्राप्त अंक प्रतिशत।
7. इण्टरमीडिएट (12वीं) परीक्षा में प्राप्त अंक प्रतिशत।

## काउन्सलिंग प्रक्रिया :

काउन्सलिंग का विवरण प्रवेश परीक्षा परिणाम के घोषित होने के बाद अधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होगा।

## प्रवेश :

a. कालेज का चयन और आवंटन संयुक्त पैरामेडिकल प्रवेश परीक्षा (सीपीईटी) 2025 की मेरिट सूची के आधार पर काउन्सलिंग द्वारा किया जायेगा।

b. ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने पैरामेडिकल स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए अर्हता प्राप्त कर ली है वे विश्वविद्यालय द्वारा दी गई तिथि में निर्धारित शुल्क जमा करेंगे। निर्धारित शुल्क न जमा होने की स्थिति में वह पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए अर्ह नहीं होंगे।

c. अभ्यर्थी निर्धारित समय में ही पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकेगा।

## महत्वपूर्ण नोट :

- **किसी भी विवाद की स्थिति में माननीय कुलपति, एबीवीएमयू, उ0प्र0, लखनऊ का निर्णय अंतिम होगा।**
- **किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र, मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद, लखनऊ खण्डपीठ, लखनऊ होगा।**
- **सूचना बुलेटिन में किसी भी विवाद या विसंगति की स्थिति में अंग्रेजी संस्करण को सही माना जायेगा।**

*********